**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर।**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| **6- (क)** क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर में स्थित ढामोला नदी के समीप बसे गांवों में कैंसर रोग के मरीजों में बढ़ोत्तरी आयी है जिसको रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है? | जनपद सहारनपुर में ढमोला नदी एवं काली नदी के पास बसे लगभग 17 ग्रामों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गये सर्वे के दौरान प्राप्त फीडबैक के अनुसार, कुछ कैंसर रोगी कई वर्षों से धूम्रपान तथा तम्बाकू आदि हानिकारक पदार्थों का सेवन कर रहे थे। सर्वे के दौरान पाये गये कैंसर रोगी पुराने रोगी हैं, जो उपचाराधीन हैं। प्रभावित क्षेत्र में कैंसर के जो भी रोगी मिले हैं, उनको विभिन्न अंगों का कैंसर है।<br>उक्त 17 ग्रामों में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है तथा पीने के पानी के नमूने लिये गये। एकत्रित पानी के नमूनों को विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला में प्रेषित किया गया। सभी नमूनों में घातक हैवी मैटल्स (Lead, Chromium, Arsenic, Mercury) नगण्य मात्रा में (within permissible limit) पाया गया। |
| (ख) क्या ढमोला नदी के समीप सभी गांवो में कैंम्प लगवाकर वहाॅ के समस्त मरीजों की निःशुल्क जाॅच करावायेंगे? | ढमोला नदी एवं काली नदी के पास बसे 17 ग्रामों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है। उक्त के अतिरिक्त जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयों पर निःशुल्क जाॅच एवं औषधियों की सुविधा उपलब्ध है। |
| (ग) यदि हाॅ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री।